उत्तर प्रदेश सरकार
उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,
19सी, तुलसी गंगा कॉम्पलेक्स, विधान सभा मार्ग,
लखनऊ, उत्तर प्रदेश– 226001
सूचना/विज्ञप्ति

आरक्षी नागरिक पुलिस एवं आरक्षी पीए0सी0 के पदो पर सीधी भर्ती–अक्टूबर–2018 की भर्ती प्रकिया के अन्तर्गत अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण का आयोजन।

संख्याः– पीआरपीबी–एक(DV/PST)–2(138)/2018–II, दिनांक नवम्बर 20,2019

आरक्षी नागरिक पुलिस के 31,360 एवं आरक्षी पी0ए0सी0 के 18,208 पदों को भरे जाने के सम्बन्ध में बोर्ड द्वारा प्रकाशित की गयी सूचना/विज्ञप्ति संख्या पीआरपीबीः एक –1(138) 2018 दिनांकित 16–11–2018 की भर्ती प्रक्रिया के अन्तर्गत सम्पन्न लिखित परीक्षा के सफल पाये गये अभ्यर्थियों से कुल रिक्तियों की संख्या को दृष्टिगत रखते हुये, योग्यता (मेरिट)के आधार पर 2.5 गुना अभ्यर्थियों को अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण हेतु बुलाया जा रहा है।

2– अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण हेतु बुलाये गये अभ्यर्थियों के लम्बवत श्रेणीवार कटऑफ अंक इस प्रकार है:–

क्र0सं0	लम्बवत् आरक्षण के अन्तर्गत श्रेणी	कट ऑफ अंक (नार्मलाइज्ड)
1	अनारक्षित श्रेणी	185.3465
2	अन्य पिछड़ा वर्ग	172.3272
3	अनुसूचित जाति	145.3909
4	अनुसूचित जनजाति	114.1932

क्षैतिज आरक्षण श्रेणी के अन्तर्गत अभ्यर्थियो को बुलाये जाने की कार्यवाही स्पेशल अपील संख्या 1120/2010 राजीव कुमार बनाम उ0प्र0 शासन में पारित निर्णय दिनांकित 03–08–2010 में प्रतिपादित सिद्वान्तों के आलोक में की गयी है। क्षैतिज आरक्षण श्रेणी के अन्तर्गत भी रिक्तियों के सापेक्ष 2.5 गुना अभ्यर्थियों को अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण हेतु बुलाया गया है। यदि अपेक्षित संख्या में अभ्यर्थी सफल नही होते है तो मेरिट के आधार पर अन्य अभ्यर्थियों को भी अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण हेतु बुलाया जायेगा।

3– अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण हेतु बुलाये जा रहे अभ्यर्थियों की सूची बोर्ड की वेबसाइट पर प्रदर्शित की जा रही है, जिसके परीक्षण केन्द्र तथा परीक्षण के दिवस अर्थात अभ्यर्थी की अभिलेखों की संवीक्षा व शारीरिक मानक परीक्षण की कार्यवाही, प्रक्रिया प्रचलित रहने की अवधि में किस दिवस को होगी, की सूचना भी अंकित है परीक्षण के दिवस को, सूची में D-01, D-02..... से प्रदर्शित किया गया है।

सर्वप्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रित, होमगार्ड, भूतपूर्व सैनिक श्रेणी के अभ्यर्थियों एवं समस्त महिला अभ्यर्थियों की अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण की कार्यवाही आयोजित की जायेगी तत्पश्चात् तत्क्रम में ही अन्य समस्त पुरूष अभ्यर्थियों की प्रक्रिया पूर्ण की जायेगी। सूची में सम्मिलित समस्त अभ्यर्थी बोर्ड की वेबसाइट पर शीघ्र ही उपलब्ध कराये जाने वाले लिंक पर अपने समस्त अभिलेख तत्काल अपलोड करना सुनिश्चित करेगें।

अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण प्रारम्भ होने की सम्भावित तिथि सूची प्रदर्शित होने के एक सप्ताह के पश्चात की होगी। यह प्रक्रिया जोन स्तर के जनपदों लखनऊ, कानपुर, आगरा, बरेली, मेरठ, प्रयागराज, वाराणसी तथा गोरखपुर में आयोजित की जायेगी। अर्ह अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र शीघ्र ही बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध होगें, जिन्हें अभ्यर्थी डाउनलोड कर प्रदर्शित सूची/प्रवेश पत्र में अंकित परीक्षा केन्द्र पर निर्धारित तिथि व समय पर, प्रवेश पत्र में उल्लिखित सम्बन्धित मूल अभिलेखों तथा मूल अभिलेखों की एक प्रमाणित प्रति के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करेगें।

4– यद्यपि इस सूचना को वेबसाइट पर अपलोड किये जाने के पर्याप्त सावधानी बरती गयी है, फिर भी किसी प्रकार की तकनीकी त्रुटि के लिये बोर्ड उत्तरदायी नहीं होगा और न ही त्रुटिपूर्ण अंकन का किसी को किसी प्रकार का लाभ या अधिकार प्राप्त होगा या अनुमन्य होगा।

5– यह सूचना सर्वसाधारण के लिये प्रकाशित की जा रही है। अतः जो सूचनाएं इस सूचना/विज्ञप्ति के माध्यम से उपलब्ध करायी जा रही है, उनके सम्बन्ध में सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अर्न्तगत पृथक से कोई प्रार्थना पत्र स्वीकार नहीं किये जायेगें और न ही उन पर बोर्ड द्वारा कोई विचार किया जायेगा।

10/11

अपर सचिव भर्ती,
उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,
लखनऊ।